# सीएमडीसी करेगी रेत खदानों का संचालन : भूपेश बघेल

## अवैध रेत खनन रोकने सरकार ने उठाया बड़ा कदम

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सदन में एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि राज्य में अब रेत खनन पंचायत नहीं बल्कि सीएमडीसी करेगी। सरकार ने यह कदम अवैध रेत खनन की शिकायतों के मद्देनजर उठाया है। इसके अलावा पंचायतों का राजस्व 25 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। सदन में आज ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह ने अवैध रेत खनन व परिवहन का मामला उठाया था। भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर सहित अन्य कई सदस्यों ने भी



इस पर टिप्पणी की। सदन में चर्चा के पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसके बाद यह घोषणा की है कि 05 साल में पंचायतों को जो अधिकतम राजस्व मिला है, उसका 25 प्रतिशत ज्यादा राजस्व एनएमडीसी उन्हें देगी। बाहरी राज्यों के लिए अतिरिक्त कर लगेगा। इस संबंध में शाम तक आदेश जारी कर दिया जाएगा। विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा कि पिछली सरकार में भी हम यह बार-बार कहते थे कि रेत का अवैध खनन रोकने नीति बनाई जाए। जब अनाधिकृत और अवैधानिक ठेके हो रहे हैं तो इस पर रोक लगाने के लिए नीति बनाई जानी चाहिए। सब जगह मजदूर हैं, लेकिन फिर भी मशीनों से खनन कर परिवहन किया जा रहा है। विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान समय में सिर्फ कागजों पर पंचायत का नियंत्रण है यह मैं भी मानता हूं। यह स्थिति है कि कोई रसूखदार आदमी कहेगा तो हम पीट पास देंगे।

# आपराधिक लोगों पर नजर रखें सभी

पौड़ी (आरएनएस)। थानाध्यक्ष अनिरूद्ध मैठाणी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चमोली के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चांदनीखाल में चौपाल लगाई।

इसमें उन्होंने नशे की लत के आदी 15 से 25 वर्ष के युवाओं की काउंसलिंग के संबंध में जानकारी दी।

इसके अलावा एसओ मैठाणी ने लोकसभा चुनाव के दौरान लाइसेंसी असलाहधारियों से असलाह जमा करने, साइबर क्राइम एवं बाहरी लोगों के सत्यापन कराने की जानकारी दी।

# राजिम माघी पुन्नी मेला का विधिवत शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। राजिम के पवित्र त्रिवेणी संगम पर राजिम माघी पुन्नी मेला का आज शाम विधिवत शुभारंभ छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य एवं धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महापीठाधीश्वर रामकृष्णानंद महाराज, साधु-संत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल राजिम में लगने वाला यह मेला 15 दिनों तक चलेगा।

शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि राजिम के मूल स्वरूप को वापस लाया जायेगा। सैकड़ों वर्ष से राजिम में मेला का आयोजन होता था। छत्तीसगढ़ शासन की मूलभावना के अनुरूप संस्कृति परंपरा और आध्यात्म को पुनर्स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य शांति, प्रेम, सद्भाव का क्षेत्र बने यही हमारी कामना है। डॉ. महंत ने कहा कि राज्य में अपार खनिज संसाधन है। इसका उपयोग गरीब लोगों की भलाई के लिए किया जाएगा। राज्य के अन्नदाता व माटीपुत्रों को खुशहाली मिले यही सरकार की कामना है। इसके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं मंत्रीगण राजीव लोचन मंदिर का दर्शन कर राज्य की समृद्धि के लिए पूजा अर्चना कर कामना की एवं महानदी आरती में शामिल हुए। शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, लेखराम साहू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

संस्कृति मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि यह नई सरकार का पहला आयोजन है जिसे भविष्य में और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजनों के सुझाव का स्वागत है। श्री साहू ने बताया कि राजिम मेला में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाया जाएगा।

# हुडको जमीन पर ननि द्वारा 11 करोड़ रूपये खर्च किए जाने मामला उठा

### नगरीय प्रशासन मंत्री ने कहा-जमीन नजूल नहीं बल्कि आवासीय है

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा में आज भिलाई विधानसभा क्षेत्र में स्थित आमदी नगर हुडको जमीन पर नगर निगम भिलाई द्वारा किए गए सड़कों, नालियों के निर्माण कार्य व उनके संधारण में किए गए खर्च मामला मामला उठा।

कांग्रेस सदस्य देवेन्द्र यादव ने यह मामला उठाते हुए कहा कि हुडको की जमीन नजूल होने के बावजूद नगर निगम द्वारा वहां निर्माण व संसारण में अब तक 11 करोड़ रूपये खर्च कर दिए है। उन्होंने मंत्री से पूछा कि अगर जमीन नजूल है तो फिर वहां सड़क, नाली सहित अन्य निर्माण व संसारण में नगर निगम द्वारा राशि क्यों खर्च की गई। इसके जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिवकुमार डहरिया ने बताया कि ये जमीन भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) की थी। 2008 में बीएसपी ने इस जमीन को हैंडओवर कर दिया था।

# बीईओ को सौंपा ज्ञापन, 8 माह से नहीं मिला वेतन, परेशानी

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ बागबाहरा के पदाधिकारियों ने लंबित वेतन की मांग को लेकर विकासखंड शिक्षाधिकारी केआर कोवासी को ज्ञापन सौंपा। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश्वर चन्द्राकर व सचिव बुढ़ान सिंह दीवान ने बताया कि बागबाहरा ब्लॉक के समस्त प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में लगभग 500 स्कूल सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। इनको 8 माह से वेतन नहीं मिला है। शासन के इन कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हुए हैं। वेतन के अभाव में इन लोगों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। कलक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को अनेक बार ज्ञापन सौंपने के बाद भी इन लोगों को अभी तक 8 माह से वेतन नहीं मिला है। इसके कारण इन कर्मचारियों में शासन के खिलाफ तीव्र आक्रोश व्याप्त है।

# छग सिंधी समाज एवं सिंधी कल्याण समिति सम्मान समारोह का आयोजन करेगी 23 को

रायपुर (आरएनएस)। छग सिंधी समाज एवं छग सिंधी कल्याण समिति द्वारा संयुक्त रूप से सामाजिक गतिविधियों में सेवा को प्रमुखता देते हुए अनेक कल्याणकारी किए गए हैं। समाज अपनी मेहनत और लगन के बल पर सफलता के शिखर पर पहुंचा है। इसी कड़ी में सिंधी समाज द्वारा 23 फरवरी शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जतिन उदासी शानदार प्रस्तुति देंगे**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता करेंगे आनंद कुकरेजा जबकि विशिष्ट अतिथि होंगे सिंधी समाज के समस्त मुखीगण। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक राम गिदलानी के बताया कि उक्त कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह मेडिकल कॉलेज जेल रोड में शाम छह बजे आयोजित किया गया है।

संयोजक के अनुसार सम्मान समारोह के दौरान रॉक स्टार जतिन उदासी, मधुर गायिका निशा चेलानी, प्रसिद्ध कॉमेडियन मोहित शिवानी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान उपस्थितजनों का मनोरंजन करेंगे। समारोह के उपरांत आगंतुकों के लिए प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया है।

# मजदूरों का लंबित श्रम कार्ड का मामला सदन में उठा

### श्रम मंत्री ने कहा-लंबित 2429 आवेदनों का एक सप्ताह के भीतर निराकरण कर दिया जाएगा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों का श्रम कार्ड बनाने का मामला उठा। भाजपा सदस्य द्वारा उठाए इस मामले में श्रम मंत्री डा. शिवकुमार डहरिया ने बताया कि पिछले दो साल से 80 हजार से अधिक श्रमिकों के आवेदन लंबित थे, इनमें से सिर्फ 2429 आवेदनों को छोड़कर बाकी सभी आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है, वहीं शेष आवेदनों का निराकरण भी एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाएगा।

नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रश्नकाल में यह मामला उठाते हुए मंत्री से जानना चाहा कि श्रम विभाग के अंतर्गत 25 जनवरी 2019 तक की स्थिति में श्रम कार्ड हेतु कितने आवेदन लंबित है। इनमें कितने आवेदनों का निराकरण किया गया। इसके जवाब में श्रम मंत्री श्री डहरिया ने बताया कि पिछले दो साल में करीब 80 हजार आवेदन लंबित थे इनमें से सिर्फ 2429 आवेदनों का निराकरण नहीं हो पाया है। इस पर नेताप्रतिपक्ष ने कहा कि लंबित आवेदनों में विलंब का कारण क्या और कब तक उनका निराकरण कर दिया जाएगा। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि जो आवेदन लंबित है उनमें प्रमाण-पत्र व कुछ दस्तावेजों की कमी है जिसके कारण अब तक उनका निराकरण नहीं हो पाया है। मंत्री ने यह भी कहा कि एक सप्ताह के भीतर शेष लंबित आवेदनों का निराकरण कर दिया जाएगा।

# नहीं मिलेगी पूरक उत्तर पुस्तिका

महासमुंद (आरएनएस)। जिला शिक्षा विभाग की ओर से शासकीय आदर्श बालक स्कूल में सोमवार को बैठक हुई। इसमें 111 परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्षों को परीक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। व्याख्याता चम्मन चंद्राकर ने बताया कि 10 वीं व 12 वीं के परीक्षार्थियों को पूरक उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी। सभी परीक्षार्थियों को 40 पेज की उत्तर पुस्तिका में ही लिखना होगा। वहीं गणित के ही विद्यार्थियों को रफ के लिए पेपर दिया जा सकता है। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को संबोधित करते हुए बताया कि 10 वीं की उत्तरपुस्तिकाओं में विद्यार्थियों के रोल नंबर पहले से लिखे हुए आएंगे। विद्यार्थियों को केवल सेट भरना होगा। इस बार मूल्यांकन कर्ता भी रोल नंबर नहीं देख सकेंगे। उन्हें केवल बार कोड या काल्पनिक नंबर ही दिखाई देगा। वहीं इंग्लिश मीडियम और हिंदी मीडियम के बंडल अलग-अलग बनाए जाएंगे।

# सोनम कपूर ने फिर बदला अपना नाम

सोनम कपूर शादी के बाद अपना नाम बदलकर अपने फैंस को चौंका चुकी हैं। अब उन्होंने एक बार फिर ऐसा किया है जिसे देखकर उनके फॉलोअर्स चौंक गए। उन्होंने हाल ही में ट्विटर और इंस्टाग्राम पर अपना नाम बदलकर जोया सिंह सोलंकी कर लिया है।



अगर आपको नहीं पता है कि उन्होंने ऐसा क्योंकि किया तो बता दें कि उनकी अगली फिल्म आ रही है द जोया फैक्टर। इस फिल्म में उनके साथ दलकीर सलमान लीड रोल में हैं। दलकीर फिल्म का फर्स्ट लुक भी शेयर कर चुके हैं। मानना पड़ेगा कि मेकर्स फिल्म प्रमोशन के नए-नए तरीके निकाल रहे हैं।

बता दें कि फिल्म द जोया फैक्टर अनुजा चौहान के बेस्ट सेलिंग नॉवल पर बेस्ड है। फिल्म का नाम भी वही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म जोया सोलंकी नाम की राजपूत लड़की की कहानी है।

यह लड़की अपनी एडवर्टाइजिंग एजेंसी में काम करते हुए इंडियन क्रिकेट टीम से मिलती है और 2010 क्रिकेट वर्ल्ड के दौरान उनका लकी चार्म बन जाती है। बाद में जोया को स्किपर निखिल खोड़ा से प्यार हो जाता है जो कि कल जैसी चीजों पर भरोसा नहीं करता। फिल्म को अभिषेक शर्मा ने डायरेक्ट किया है और यह 5 अप्रैल को रिलीज होगी।

# निजी अस्पतालों की बंदी पांचवे दिन भी जारी

रुड़की (आरएनएस)। क्लीनिक इस्टेब्लिशमेंट ऐक्ट के विरोध में निजी अस्पतालों का कार्य बहिष्कार पांचवें दिन भी जारी रहा। निजी अस्पतालों के बंदी के ऐलान से जहां मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं दूसरी तरफ सिविल अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या भी दोगुने के पास पहुंच गयी है।

राज्य सरकार और निजी अस्पताल के डॉक्टरों के मध्य क्लीनिक इस्टेब्लिशमेंट को लेकर कई वार्ताओं का दौर हो चुका है लेकिन ऐक्ट में सरकार ने भी अभी तक किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया। जबकि निजी अस्पताल के डॉक्टर ऐक्ट में संशोधन की मांग लगातार कर रहे हैं।

बीते शुक्रवार से ही रुड़की शहर के सभी निजी अस्पताल बंद हैं। सरकार और निजी अस्पताल के डॉक्टरों की आपसी खींचतान का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ा।

# हिंसक भालू ने दो बैलों को मार डाला

महासमुंद (आरएनएस)। भालू का आतंक अब पिंजरे में जाकर खत्म हो चुका है। इस आतंकी भालू को पकड़ने में बागबाहरा वन विभाग की रेस्क्यू टीम को दो दिन लग गए। कड़ी मसक्कत के बाद वन विभाग के अमले ने नंदनवन रायपुर के पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ आई टीम ने ट्रेंक्यूलाइजर बंदूक से भालू को बेहोश कर उसे पिंजरे में पकड़कर कैद कर दिया और अपने साथ नंदनवन रायपुर के लिए रवाना हो गई। जंगल का सबसे ताकतवर भालू चण्डी डोंगरी जहां मां चंडी देवी



विराजमान हैं, उसकी तलहटी में बसे ग्राम जुनवानी कला की सरहद पर घूम रहे पालतू जानवरों में से एक बैल पर रविवार की सुबह हमला कर दिया। बैल व भालू के बीच 3 घंटे तक चली इस लड़ाई में आखिर भालू ने बैल को जख्मी कर धराशायी कर उसकी जान ले ली और इसके बाद दूसरे बैल को भी अपना शिकार बनाकर मार डाला।

# सोशल सटायर के साथ वापसी करेंगे डिनो मोरिया

लंबे समय से बड़े पर्दे से गायब ऐक्टर डिनो मोरिया अपनी सेकंड प्रॉडक्शन फिल्म के साथ वापसी के लिए तैयार हैं। यह फिल्म एक सोशल सटायर होगी। इससे पहले उन्होंने जिस्म 2 को को-प्रॉड्यूस किया था।



डिनो इस सोशल सटायर को जूनो चोपड़ा के साथ को-प्रॉड्यूस करेंगे। यह फिल्म आने वाले तीन महीने में शुरू होगी। इस डिवेलपमेंट से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया कि फिल्म का निर्देशन डेब्यू डायरेक्टर सतराम रमानी करेंगे जिन्होंने जिस्म 2, जय हो और फ्रीकी अली जैसी फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया था। सूत्र के मुताबिक, फिल्म की कहानी उत्तर भारत के एक छोटे शहर की होगी और यह पुरुष जनसंख्या के मुद्दे को उठाएगी।

# फोन पर तेज आवाज में गाने सुनने की आदत है खतरनाक, 4 मिनट से ज्यादा न लगाएं हेडफोन

स्मार्टफोन पर अगर आप भी तेज आवाज में गाने सुनने के आदि हैं तो सावधान हो जाइए क्योंकि यूनाइटेड नेशन्स की एजेंसियों की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि स्मार्टफोन में म्यूजिक सुनने और लगातार तेज आवाज के संपर्क में रहने की वजह से दुनियाभर के करीब 1 अरब से ज्यादा लोगों पर बहरेपन का खतरा है। इस समस्या को खत्म करने के लिए नई गाइडलाइंस भी जारी की गई है।

यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक, जिन लोगों को इस भयानक बीमारी का



खतरा है, उनकी उम्र 12 से 35 वर्ष के बीच है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन डब्ल्यूएचओ ने बताया कि हियरिंग लॉस की समस्या के चलते दुनियाभर में 750 मिलियन डॉलर खर्च होने का अनुमान है। डब्ल्यूएचओ के तकनीकी अधिकारी शेली चड्डा की मानें तो, दुनियाभर के एक अरब से ज्यादा युवाओं को स्मार्टफोन पर तेज गाना सुनने में मजा आता है। वे इसके लिए इयरफोन या हेडफोन का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इससे वह बहरेपन का शिकार हो सकते हैं या उनकी सुनने की ताकत कम हो सकती है।

शेली चड्डा की मानें तो यह आंकड़े उनकी एक स्टडी के आधार पर बेस्ड है जिसे पूरा करने में करीब 4 साल का वक्त लगा।

शेली कहती हैं कि इस स्टडी में युवाओं की सुनने की आदत और कितने वॉल्यूम तक वे आमतौर पर एक्सपोस्ड रहते हैं- इन दोनों बातों पर फोकस किया गया। शेली की मानें तो इस जानकारी के आधार पर उन्हें युवाओं को बहरेपन से बचाने का हल खोजने में भी मदद मिली। लिहाजा कोशिश यही की जा रही है कि यूजर को सशक्त और जागरूक बनाया जाए ताकि वह सही लिसिंग चॉइस और डिसिजन ले सके।

# महत्वपूर्ण एवं खास

## नदी में डूबने से 4 वर्षीय बालिका की दुखद मृत्यु : परिजनों को प्रदान की गई 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिले के अभनपुर तहसील अंतर्गत गोबरा-नवापारा निवासी जय कुमार पिता भंगीराम सतनामी की 4 वर्षीय बालिका कु. नीलम आज माघ पुन्नी स्नान के लिए नेहरू घाट के पास अपने परिजनों के साथ महानदी में गई थी, जहां पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर डॉ. बसवराजु एस. के निर्देशन पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। अभनपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरज साहू वहां के वार्ड पार्षद चतुर भगत के साथ कु. नीलम के घर पहुंचकर उनके परिजनों से भेंट की और इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए स्वीकृत 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

## कालेजों में प्राध्यापकों के साथ अन्य पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में जल्द ही प्रोफेसरों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विज्ञापन जारी होगा। उच्च शिक्षा विभाग और पीएससी ने इस संबंध में तैयारियां शुरू कर दी है। जल्द ही भर्ती के लिए आयोजित होने वाले परीक्षा को लेकर सिलेबस आदि तय करने के बाद विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा।

## दुकान के शटर का ताला तोड़कर गल्ले में रखा 40 हजार रुपये पार

रायपुर (आरएनएस)। दुकान में लगे शटर का ताला तोड़कर गल्ले से 40हजार रुपये चोरी किये जाने की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार लाखेनगर पुरानी बस्ती निवासी दिलीप 43 वर्ष पिता स्व.बालचंद बजाज ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मंगलवार को लाखेनगर जेबी सुपर बाजार स्थित दुकान के शटर में लगे ताले को तोड़कर गल्ले में रखी 40 हजार रुपये नगदी को किसी चोर ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457,380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## बस्तर संभाग में 4 वर्षों में सुरक्षा बल के 207 जवान शहीद, 214 आम नागरिकों की मौत-गृहमंत्री

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग में पिछले चार वर्षों में नक्सली हमलों में सुरक्षा बल के 207 जवान शहीद तथा 214 आम नागरिक मारे गए। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने विधानसभा में इसकी जानकारी दी है।

## बीड़ी मांगने के बहाने मोबाईल फोन छीनकर दो युवक फरार, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बीड़ी मांगने के बहाने दुकानदार का मोबाईल छीनकर फरार हो जाने की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार भीमनगर पुरानी बस्ती रायपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ठाकुर 54 वर्ष पिता स्व.लाला सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि हनुमान मंदिर रानु डेली निड्स के पास एक्टीवा क्रमांक सीजी 04-एलपी/6390 दो लड़के दुकान में आकर बीड़ी मांगने के बहाने हाथ से वीवी कम्पनी मोबाईल फोन के छीनकर फरार हो गये। मोबाईल फोन की अनुमानित कीमत करीब 18990 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 356,379 के तहत अपराध कायम कर लिया है।

## तेज रफ्तार बाइक भिड़ी एक की मौत, दूसरा घायल

बीजापुर (आरएनएस)। भैरमगढ़ से लगभग 7 किमी की दूरी पर फुंडरी गांव के नजदीक ताड़बाड़ी चौक पर हुए दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई तो दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक मिरतुर निवासी जितेंद्र कुड़ियम और छिंदगढ़ निवासी उमेश जायसवाल बाइक पर सवार होकर किसी काम से बाहर जा रहे थे। तभी ताड़बाड़ी चौक के पास दोनों बाइक सवार आपस में भिड़ गए। दोनों घायलों को संजीवनी 108 की मदद से भैरमगढ़ के सरकारी हास्पिटल लाया गया जहां पर इलाज के दौरान जितेंद्र कुड़ियम की मौत हो गई।

## बस की स्कार्पियों से टक्कर, बस चालक की हादसे में मौत

जगदलपुर (आरएनएस)। कोडेनार थाना क्षेत्र के किलेपाल मार्ग पर बस और स्कार्पियों की टक्कर में बस ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। पीएम के बाद शव गृहग्राम कांकेर रवाना किया गया है। इस हादसे में यात्रियों को मामूली चोट आई।

## सो रहे बच्चों पर सियार का हमला

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। गीदम ब्लॉक के जोड़ातराई में सियार के हमले से दो बच्चे सहित एक युवक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि जोड़ातराई गांव के होकापाड़ी पारा में 11 साल का संजू अपने घर के बाहर आंगन में सो रहा था। रात करीब 1 बजे सियार ने उस पर हमला कर दिया और उसे खींच कर ले जाने लगा।

## रसोइया श्रमिक एक मार्च से करेंगे आंदोलन

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर संभाग के सात जिले के महिला पुरुष मध्याह्न भोजन रसोइया श्रमिक दो सूत्रीय मांगों को लेकर एक मार्च से आंदोलन करेंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष जगतराम ठाकुर ने बताया कि जगदलपुर में 13 जनवरी को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर रसोइया श्रमिकों का मानदेय 18 हजार रुपये किया जावे एवं प्रत्येक स्कूलों में मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा नियमित रसोइया पद स्वीकृत किया जाकर राज्य शासन को स्वीकृत पद के विरुद्ध रसोइया श्रमिकों को नियमित करने की मांग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेकर से की गई है। इस संबंध में ज्ञापन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सौंपकर उक्त मांग को अनुशंसा के साथ भारत शासन को भेजने की गई। संघ की अन्य मांगों में रसोइया श्रमिकों को दस माह के स्थान पर 12 माह का मानदेय देने तथा रसोइया श्रमिकों को दर्ज संख्या कम होने से भी निकाले न जाने की मांग की गई है।